KNLS LIVE
24x7
KNLS लाइव
हर खबर लाइव
आपका अपना चैनल
www.knlslive.com
join now
9027776991

दैनिक
प्रातः कालीन
हिन्दी-अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

Title Code
UPBIL05086

दैनिक समाचार पत्र
क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता एवम् विज्ञापन प्रतिनिधियों की आवश्यकता है।
सम्पर्क करें
9027776991
knlslive@gmail.com

वर्ष :- 01 अंक :- 318 मुरादाबाद, 18 March 2021 (Friday) पृष्ठ :- 04 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

प्रिय सुधि पाठको एवं सभी देशवासियों व क्षेत्रवासियों को रंगों के त्यौहार होली की HOLI हार्दिक शुभकामनाएं



## EVM में धांधली के बाद अखिलेश यादव ने अब पैसे बांटने का लगाया आरोप, पूछा- कितना दिया?



उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की हार के बाद से सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव भारतीय जनता पार्टी ( बीजेपी ) पर बेईमानी से जीत हासिल करने का आरोप लगा रहे हैं। पहले इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन ( EVM ) के जरिए धांधली का आरोप लगाने वाले अखिलेश यादव ने अब भाजपा पर पैसे बांटकर वोट हासिल करने का भी आरोप लगाया है। सपा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव बुधवार को बाराबंकी की कुर्सी विधानसभा सीट पर समर्थकों के बीच पहुंचे। यहां कुल्हड़ वाली चाय पीते हुए उन्होंने कुछ समर्थकों से बातचीत भी की, जिसका वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें अखिलेश यादव भाजपा पर बेईमानी से जीतने का आरोप लगाते हुए गांव वालों से पूछते हैं कि उन्हें कितना पैसा दिया गया था। वीडियो में अखिलेश यादव हाथ में कुल्हड़ वाली चाय लेकर हंसते हुए कहते दिखते हैं, पैसा भी बांटा, पैसा बांटा गांव में? कितना? हमें तो बता दो हम जानेंगे नहीं लखनऊ में।'' इस दौरान कुछ सपा समर्थक कहते हैं कि उन सबने सपा को वोट दिया लेकिन बीजेपी की जीत हो गई। बेइमानी हो गई। इस पर अखिलेश कहते हैं कि बहुत जगह ऐसा हुआ। लखनऊ में भी हुआ।''

### अखिलेश को दे दी बिना चीनी की चाय

इस दौरान अखिलेश यादव कुल्हड़ से चाय की चुस्की लेते दिख रहे हैं। चाय की पहली चुस्की लेते ही उन्होंने कहा कि इसमें तो चीनी ही नहीं है। वहां मौजूद सभी लोग ठहाके लगाने लगे। फिर उनकी चाय में चीनी डाली गई।

## पंजाब के लिए आज लूंगा ऐतिहासिक फैसला, ऐसा आज तक कभी नहीं हुआ; भगवंत मान ने ट्वीट कर किया ऐलान



पंजाब के मुख्यमंत्री की शपथ लेने के अगले ही दिन भगवंत मान बड़ा फैसला लेने जा रहे हैं। भगवंत मान ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि पंजाब की जनता के हित में आज एक बहुत बड़ा फ़ैसला लिया जाएगा। भगवंत मान ने लिखा, पंजाब के इतिहास में आज तक किसी ने ऐसा फैसला नहीं लिया होगा।

कुछ ही देर में ऐलान करूंगा...। अब तक यह साफ नहीं है कि भगवंत मान क्या फैसला लेने वाले हैं, लेकिन कयास लगाए जा रहे हैं कि बिजली फ्री करने का ऐलान उनकी ओर से किया जा सकता है। इसका वादा आम आदमी पार्टी ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में भी किया था। भगवंत मान ने बुधवार को क्रांतिकारी शहीद भगत सिंह के गांव खटकड़ कलां में सीएम पद की शपथ ली थी। इस दौरान वह अपने ही अंदाज में नजर आए थे और कहा था कि यह आम आदमी की सरकार है। मेरे साथ ही पंजाब के 3 करोड़ लोगों ने शपथ ली है। यही नहीं भगवंत मान ने ऐलान किया था कि अब सरकारी दफ्तरों में सीएम की तस्वीर नहीं लगेगी। उनकी जगह पर शहीद-ए-आजम भगत सिंह और भीमराव आंबेडकर की तस्वीर लगाई जाएगी। यही नहीं आप कार्यकर्ताओं से उन्होंने अपील की थी कि वे किसी से भी बहस में न पड़ें और जनता की सेवा करें। खासतौर पर सोशल मीडिया पर किसी भी तरह के अभियान से बचने की अपील की थी।

## योगी सरकार के शपथ समारोह को मेगा शो बनाने की तैयारी, 70 हजार लोग हो सकते हैं शामिल



यूपी में योगी सरकार के शपथ ग्रहण समारोह को बीजेपी मेगा शो बनाने की तैयारी में है। बताया जा रहा है कि इकाना स्टेडियम में आयोजित होने वाले शपथ समारोह पीएम मोदी, अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के अलावा केंद्रीय मंत्रिमंडल के सदस्य और संघ के कुछ प्रमुख चेहरों के मौजूद रहने की संभावना है। वहीं अखिलेश यादव और मायावती को न्यौता दिया गया है। मुख्यमंत्री और मंत्रिपरिषद का शपथ ग्रहण कार्यक्रम करीब 70,000 लोगों के आने की संभावना है।

### 19 को लखनऊ आ सकते हैं अमित शाह और रघुवर दास

होली के ठीक बाद भाजपा विधायक दल की बैठक में नेता का चुनाव हो जाएगा। विधायक दल की बैठक 19 या 20 मार्च को हो सकती है जबकि 21 मार्च को योगी सरकार के शपथ ग्रहण की संभावना है। पार्टी सूत्रों की मानें तो शाह 19 मार्च को लखनऊ आ सकते हैं। उन्हीं की मौजूदगी में भाजपा विधायक दल की बैठक में नेता चुना जाएगा। नेता चुने जाने के बाद राज्यपाल के समक्ष सरकार बनाने का दावा पेश किया जाएगा।

### क्षेत्रीय, जातीय के साथ ही छवि का भी विशेष ध्यान

टीम योगी के हर सदस्य का चयन पार्टी 2024 को ध्यान में रखते हुए कर रही है। क्षेत्रीय, जातीय और वर्गीय संतुलन के साथ ही छवि का भी विशेष ध्यान रखा जा रहा है। बैठक में केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, राधामोहन सिंह, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और डॉ. दिनेश शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह, महामंत्री संगठन सुनील बंसल मौजूद रहे।

### 24 मार्च को शपथ ग्रहण होने की संभावना

पार्टी और सरकार से जुड़े सूत्रों की मानें तो योगी सरकार का शपथ ग्रहण समारोह अब 24 मार्च को होने की संभावना है। इसे गृह नक्षत्रों के हिसाब से भी शुभ मुहूर्त बताया जा रहा है। 19 को राज्य सरकार होली की छुट्टी घोषित कर चुकी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उस दिन गोरखपुर की सुप्रसिद्ध होली में उपस्थित रहेंगे। 20 मार्च को यदि उत्तराखंड में शपथ ग्रहण समारोह हुआ तो यूपी में विधायक दल की बैठक 21 या 22 मार्च को होने की संभावना है। जबकि योगी सरकार का शपथ ग्रहण 24 को हो सकता है। हालांकि पीएम मोदी की उपलब्धता भी देखी जा रही है।

## कांग्रेस में नया बवाल: प्रियंका गांधी और रॉबर्ट वाड्रा के करीबी को राज्यसभा चुनाव में उतारने पर छिड़ी रार



पांच राज्यों के चुनाव में हार के बाद से एक बार फिर कलह का सामना कर रही कांग्रेस की मुश्किलें केरल ने और बढ़ा दी हैं। राज्य की एकमात्र राज्यसभा सीट पर कांग्रेस जीतने की स्थिति में है और उसके लिए हाईकमान ने पार्टी के सचिव श्रीनिवासन कृष्णन को नॉमिनेट कर दिया है। इसे लेकर स्टेट यूनिट में बवाल मच गया है। प्रदेश यूनिट के नेता इससे खफा हैं और उनकी ओर से लीडरशिप को कहा गया है कि वे इसे स्वीकार नहीं करेंगे। स्टेट यूनिट की ओर से कहा गया है कि उनकी ओर से भेजे गए प्रस्ताव को महत्व दिया जाना चाहिए था। प्रदेश अध्यक्ष के. सुधाकरण ने पार्टी लीडरशिप से कहा है कि उनकी इच्छा है कि किसी युवा नेता को मौका मिले। स्टेट यूनिट की ओर से एम. लिजू का नाम सुझाया गया था, जो यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष थे। फिलहाल उनके पास अलपुझा जिले के जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी है। सुधाकरण ने कहा कि हाईकमान की ओर से शुक्रवार को यह फैसला लिया गया था। इस फैसले के खिलाफ के सुधाकरण की राय का राज्य के कई और नेता भी समर्थन कर रहे हैं। बीते सप्ताह ही राज्यसभा सीट पर दावे के लिए सीनियर लीडर केवी थॉमस ने भी सोनिया गांधी से मुलाकात की थी। लेकिन स्टेट यूनिट का कहना था कि किसी युवा नेता को मौका मिलना चाहिए। एक प्रस्ताव यह भी था कि किसी महिला नेता को उच्च सदन में भेजा जाए। इसकी वजह यह है कि केरल से बीते 5 दशकों में कोई महिला नेता राज्यसभा में नहीं रही है। लेकिन 58 वर्षीय श्रीनिवास कृष्णन के प्रस्ताव को लेकर नेताओं में रोष है। कृष्णन को प्रियंका गांधी और उनके पति रॉबर्ट वाड्रा का करीबी माना जाता है। हाईकमान की ओर से उनके नाम का सुझाव दिया गया, जिस पर स्टेट यूनिट ने गहरी आपत्ति जाहिर की है। केरल के त्रिशूर के रहने वाले कृष्णन तेलंगाना के प्रभारी हैं और रॉबर्ट वाड्रा के मालिकाना हक वाली कंपनियों के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स का भी हिस्सा हैं। एक सीनियर नेता ने नाम न छापने की शर्त पर से कहा, %ऐसा लगता है कि पार्टी अब भी गलतियों से सीखना नहीं चाहती है। हम अब नॉमिनेशन की पॉलिटिक्स नहीं चलने देंगे। राज्य के किसी नेता को राज्यसभा में भेजना चाहिए। किसी भी नॉमिनेटेड नेता को यह मौका नहीं मिलना चाहिए।% यहां तक कि सीनियर लीडर के. मुरलीधरण ने तो इसके खिलाफ सोनिया गांधी को खत ही लिख दिया है। उन्होंने चिट्ठी में कहा कि ऐसे नेता को राज्यसभा में नहीं भेजना चाहिए, जो विधानसभा और लोकसभा के चुनाव में हार चुका हो।

## कांग्रेस के लिए किसी गांव तक में नहीं गए कपिल सिब्बल, मल्लिकार्जुन खड़गे का तीखा पलटवार



उत्तर प्रदेश, पंजाब समेत 5 राज्यों के विधानसभा चुनावों में करारी हार झेलने वाली कांग्रेस में अब आतंरिक कलह मची है। इस हार के लिए गांधी परिवार को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा था कि उन्हें किसी और नेता को कमान देनी चाहिए। यही नहीं राहुल गांधी पर सीधा अटैक करते हुए कपिल सिब्बल ने कहा था कि वह पार्टी के अध्यक्ष नहीं हैं, लेकिन अब भी सारे फैसले वही लेते हैं। कपिल सिब्बल ने कहा था कि अब वक्त आ गया है कि कांग्रेस में आमूलचूल परिवर्तन किया जाना चाहिए। हालांकि उनकी सलाह पार्टी के कई नेताओं को नागवार गुजरी है। पार्टी के वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कपिल सिब्बल पर पलटवार करते हुए कहा है कि वह एक अच्छे नेता नहीं रहे हैं। खड़गे ने कहा कि कपिल सिब्बल एक अच्छे वकील हो सकते हैं, लेकिन कांग्रेस पार्टी के लिए बढ़िया नेता नहीं हैं। मल्लिकार्जुन खड़गे ने सिब्बल पर तीखा हमला बोलते हुए कहा, वह कभी कांग्रेस के काम के लिए किसी गांव तक नहीं गए। वह जानबूझकर पार्टी को कमजोर करने का काम कर रहे हैं।

**आवश्यक सूचना**

प्रिय सुधि पाठको होली के उपलक्ष्य में 3 दिन का अवकाश रहेगा आपको अगला अंक 22/03/2022 को मिल सकेगा -संपादक

## राष्ट्रपति जो बाइडेन ने पुतिन को बताया 'युद्ध अपराधी', यूक्रेन को हथियार देगा अमेरिका

नई दिल्ली, एजेंसियां- रूस-यूक्रेन युद्ध का आज 22वां दिन है। दोनों देशों के बीच जंग के 22वें दिन तक सुलह नहीं हो पाई है। यूक्रेन पर चर्चा के लिए गुरुवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आपातकालीन बैठक बुलाई गई है। आज दोपहर तीन बजे यह बैठक होगी, जिसमें यूक्रेन में मानवीय स्थिति पर चर्चा की जाएगी। बैठक को अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, अल्बानिया, आयरलैंड और नार्वे ने बुलाया है। वहीं, कांग्रेस को पंजाब समेत पांच राज्यों में मिली करारी हार के बाद कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गुलाम नबी आजाद के घर त्र23 की समूह के नेताओं की बैठक हुई। त्र-23 समूह के नेताओं की ओर से कहा गया कि भाजपा को चुनौती देने के लिए अच्छा विकल्प जरूरी है, इसलिए कांग्रेस को समान विचारधारा वाले दलों से बातचीत करनी चाहिए। । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी के 96वें कामन फाउंडेशन कोर्स के समापन समारोह में भाग लिया। मुंबई के निलंबित पुलिस अधिकारी सचिन वाजे और महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख चांदीवाल आयोग के समक्ष पेश हुए। आयोग आज आखिरी सुनवाई के बाद सीलबंद लिफाफे में महाराष्ट्र सरकार को अपने फैसले से अवगत कराएगा कांग्रेस केरल के अध्यक्ष के सुधाकरन ने कहा कि केरल कांग्रेस इकाई राज्यसभा सीट के लिए उम्मीदवारों के नाम तय करेगी और सूची AICC नेतृत्व को भेजेगी। जिस पर नेतृत्व अंतिम फैसला लेगा। महिला नेताओं के नामों पर भी विचार किया जाएगा। मैं जी-23 और शशि थरूर की बैठक में शामिल होने का स्वागत करता हूं। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि पार्टी के भीतर सभी समस्याओं का जल्द ही समाधान किया जाएगा। मैंने इस तरह की बातचीत शुरू करने के लिए कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी को धन्यवाद दिया और इससे पार्टी को लंबे समय में मदद मिलेगी।

## होली के दिन जुमे की नमाज का समय बदला, शब-ए-बारात को लेकर इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया ने दी ये सलाह

इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया ने देश में शांति और सद्भाव बनाए रखने के लिए मस्जिदों से शुक्रवार को होली के मद्देनजर जुमे की नमाज का वक्त बदल गया है। मौलानाओं ने लोगों से अपील करते हुए होली और शब-ए-बारात को लेकर सलाह दी है। इसके बाद लखनऊ में जामा मस्जिद ईदगाह, मस्जिद ऐशबाग, अकबरी गेट पर एक मीनारा मस्जिद, मस्जिद शाहमीना शाह और मस्जिद चौक जैसी कुछ प्रमुख मस्जिदों सहित कम से कम 22 मस्जिदों ने जुमे की नमाज का समय दोपहर 1.30 बजे के बाद कर दिया है। इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया फरंगीमहल और लखनऊ ईदगाह के इमाम मौलाना खालिद रशीद ने बुधवार को जारी एक बयान में कहा कि चूंकि होली, शब-ए-बारात और जुमा एक ही दिन पड़ रहा है, इसलिए देश की गंगा जमुनी तहजीब को ध्यान में रखते हुए शांति सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रयास किए जाने चाहिए। उन्होंने मस्जिदों में जुमे की नमाज का समय आगे बढ़ाने की अपील की है और मुसलमानों को उस दिन अन्य मस्जिदों में जाने के बजाय अपने-अपने इलाके की मस्जिदों में नमाज अदा करने को कहा है । इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया ने उसी दिन शब-ए-बारात भी पड़ने के कारण मुसलमानों से कहा है कि वह होली खेलने का वक्त शाम पांच बजे समाप्त होने के बाद ही मस्जिदों और अपने प्रियजनों की कब्रों पर जाएं और आतिशबाजी न करें। गौरतलब है कि चार वर्ष पहले भी कई पर्व एकसाथ पड़े थे और तब भी मौलवियों ने शांति और सद्भाव बनाए रखने के लिए जुमे की नमाज का समय बदल दिया था।

## राष्ट्रीय योगी सेना एवं श्री बालाजी जन सेवक समिति द्वारा किया गया मां गंगा की आरती का आयोजन



मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
मुरादाबाद- दरअसल आपको बता दें उत्तर प्रदेश की जनपद मुरादाबाद के लालबाग काली माता मंदिर स्थित राम गंगा घाट पर राष्ट्रीय योगी सेना एवं श्री बाला जी जन सेवक समिति द्वारा होली की पूर्णमासी के पावन पर्व के उपलक्ष में मां गंगा की आरती का आयोजन किया गया जिसमें राष्ट्रीय योगी सेना एवं श्री बाला जी जन सेवक समिति के कई कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी का सहयोग रहा जिसमें मुख्य रूप से दरबार के महंत पंकज बाबू अखिलेश गुप्ता राजीव कुमार दुष्यंत यादव रवि कल्याण राजकुमार रोहित रोशनी सुषमा उपाध्यक्ष सचिन रस्तोगी आदि कई कार्यकर्ता मौजूद रहे वहीं कार्यक्रम को आयोजित करते हुए राष्ट्रीय योगी सेना द्वारा कहा गया कि पूरे उत्तर प्रदेश में फिर से भाजपा सरकार में योगी बाबा का चला बुलडोजर
क्यूँ न लिखूँ सच ( ब्यूरो )




## भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की एक बैठक मोहल्ला हजीरा कटघर मैं संपन्न हुई



मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
मुरादाबाद- मुरादाबाद आज भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की एक बैठक मोहल्ला हजीरा कटघर मैं संपन्न हुई जिसमें दर्जनों मुस्लिम समाज के लोगों ने भाजपा मैं शामिल हुए भाजपा नेता फुरकान हुसैन ने बीजेपी की उपलब्धियां गिनाई उन्होंने कहा भाजपा सरकार ने जो वादे किए उसे पूरे किए सब धर्मों को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है फुरकान हुसैन ने सभी लोगों का फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया शामिल होने वालों में शामिल मैं अहमद अली मोहम्मद सिराज मोहम्मद फुरकान मोहम्मद अशरफ मोहम्मद इकबाल मोहम्मद साबिर मोहम्मद सरताज दर्जनों मुसलमान उपस्थित रहे

## आज होली है

गुलों सा रंग लगाओ के आज होली है
न दिल किसी का दुखाओ के आज होली है
मुझे सनम से मिलाओ के आज होली है
ये दिल की बज़्म सजाओ के आज होली है
भुला के सारी ख़ताओं को ए मेरे साजन
मुझे भी दिल से लगाओ के आज होली है
मुहब्बतों के हंसी रंग ले के हम निकले
गुलाल तुम भी उड़ाओ के आज होली है
ये ज़हर है जो अदावत का मत पिलाओ तुम
दिलों को दिल से मिलाओ के आज होली है
तुम्हीं को रंग लगा ने मैं आया हूँ गौरी
हिजाब रुख से हटाओ के आज होली है
बुलाओ साक़ी को प्यासे हैं रिंद सब आतिश
नज़र से जाम पिलाओ के आज होली है



आतिश मुरादाबादी
राजीव गोस्वामी
मुरादाबाद उत्तर प्रदेश

## इंसानियत और मानवता का धर्म निभाते हुए आपसी सद्भाव का परिचय दें

सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
मुरादाबाद- ठाकुरद्वारा कल अजीब संजोग है कि होली भी है जुमा भी है और शबे बरात हुई है त्योहारों का दिन है और त्यौहार हमें एक दूसरे से जोड़ते हैं करीब लाते हैं ऐसे में हमारा इंसानी दायित्व बनता है कि हम सोच और समझदारी का रुतबा ऊंचा रखते हुए एक दूसरे के प्रति सद्भावना और सौहार्द का भाव कायम रखें छोटी-छोटी बातों पर उलझे नहीं बल्कि एक दूसरे को एक दूसरे को सम्मान की भावना से देखते हुए एक दूसरे के त्योहारों और खुशियों में शामिल हो साथ ही मुस्लिम भाइयों से मेरा विनम्र अनुरोध है कि होली रंगो उमंगो खुशियों और उल्लास का त्यौहार है इस खुशी के मौके पर बहुत ही शिद्दत से



सद्भावना का परिचय देते हुए सहयोग वादी दृष्टिकोण अपनाते हुए आपसी एकता का परिचय दें साथी जुम्मे का दिन है नमाज होगी और नमाज के मौके पर भीड़ ज्यादा रहती है इसलिए अपनी इबादत को बहुत ही तल्लीनता के साथ करें और ज्यादा से ज्यादा अंदर की गलियों में नमाज अदा करते हुए देहरीय एवं आपसी एकता का परिचय भी दे दोनों समुदाय एक दूसरे के सदैव काम आते हैं सहयोग करते हैं तो इस पावन मौके पर दोनों ही समझदारी दिखाते हुए अपनी अपनी खुशियों को दिल खोलकर मनाए बशर्ते एक दूसरे की भावना का ख्याल दिल से रखें होली खेलने वाले भाइयों से भी मेरा निवेदन है कि बहुत ज्यादा हुड़दंग ने मचाए कई बार ऐसा भी होता है कि नशे नशे की हालत में तेज वाहन के चलते दुर्घटनाएं भी हो जाती हैं इनसे बचा जाना चाहिए जिंदगी बहुत अमूल्य है इंसानियत और मानवता का धर्म निभाते हुए आपसी सद्भाव का परिचय दें

## शबे बारात की तैयारियां अकीदत मंद तिलावत कुरान में जुटे

सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
मुरादाबाद- ठाकुरद्वारा शबे बारात की तैयारी कल शबे बारात का पावन पर्व आने वाले माहे रमजान की दस्तक दे रहा है कल ही होली का पावन पर्व है अच्छे से दोनों त्योहार शांतिपूर्ण नगर में मनाए जाने को लेकर पुलिस प्रशासन तैयारियों में जुटा नजर आ रहा है आज दिन बृहस्पतिवार को बाजारों में रंग बिरंगी होली के रंग पिचकारी की खरीदारी करते दिखाई दिए वहीं दूसरी ओर शबे बारात की तैयारी को लेकर बाजारों में शबे बरात के सामान की खरीदारी करते नजर आए लोग वही नगर ठाकुरद्वारा मुंडो वाला रोड होलिका दहन करने मैं जूते लोग जब हमारे संवाददाता ने वहां पहुंचकर बात की तब होलिका दहन करने की तैयारी में जुटे भाइयों ने होली के पावन पर्व वह शबे बारात दोनों त्यौहार एक साथ भाईचारे मिलन शांति से मनाने को लेकर सभी मुस्लिम हिंदू सिख ईसाई वर्ग के लोगों को दोनों त्योहार एक दूसरे के गले मिलकर सारे शिकवे शिकायत भूलकर खुशी सम्मान के साथ मनाने की सभी नगर वासियों क्षेत्रवासियों देशवासियों होली की हार्दिक शुभकामनाएं बधाई देते लोग वहीं दूसरी ओर धार्मिक आस्था मदरसा मस्जिद मजारों पर शबे बारात की रात्रि में इबादत करने को लेकर रोशनी की व्यवस्था करते लोग दिखाई दिए
वही मदरसों में जश्ने शबे कद्र की तैयारी में जलसा ए इकराम जश्ने शबे कद्र मनाने को लेकर तैयारियां करते दिखाई दिए मदरसा सदर मस्जिद इमाम व मस्जिद कमेटी के लोग सागवाड़ा कोतवाली निरीक्षक की ओर से नगर में शांति व्यवस्था कायम रखने को लेकर पुलिस प्रशासन हर गली मोहल्ला चौराहे पर तैनात

www.knlslive.com

## होली पर सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस ने किया भ्रमण

मुरादाबाद-होली पर्व को शांति एवं भाईचारे के बीच मनाने के लिए पुलिस क्षेत्राधिकारी और जिलाधिकारी सहित थाना प्रभारी निरीक्षक ने पुलिस बल के साथ भ्रमण कर लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से होली मनाने की अपील की गई। रंगों का पर्व होली शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने गुरुवार को नगर में भ्रमण किया। पुलिस क्षेत्राधिकारी महेश चंद्र गौतम और उप जिलाधिकारी जगमोहन गुप्ता तथा थाना प्रभारी निरीक्षक एसपी सिंह के नेतृत्व में अधिकारियों ने पुलिस चौकी, मुख्य बाजार, मोहल्ला विशनपुरा होते हुए नगर में भ्रमण किया। इस दौरान पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने सभी लोगों से होली पर्व शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने कहा कि होली पर्व के दृष्टिगत थाना कांठ क्षेत्र को विभिन्न सेक्टरों में बांटकर पुलिसकर्मियों को नियुक्त कर दिया गया है। किसी भी असामाजिक तत्वों से निपटने के लिए पुलिस ने पुख्ताइंतजाम कर लिए हैं। चौकी इंचार्ज यशपाल सिंह आदि पुलिसकर्मी मौजूद रहे।




■ जिन्हें रंगों से परहेज है, वह होली के रंग वाले दिन दूरी बनाए रखें और होली खेलने वाले अनावश्यक रूप से इधर-उधर रंग फेंकने से बचें। उन्हें ही रंग लगाए जो प्रेम और शांति के साथ आप से रंग लगवाना चाहते हैं।-महेश चंद गौतम, पुलिस क्षेत्राधिकारी कांठ

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## होलिका दहन की तैयारी में जुटे लोग

सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
मुरादाबाद- ठाकुरद्वारा होली का त्योहार एक साथ कई संदेश लेकर,एक और जहां यह त्योहार बुराई के खात्म कर सूचक है वहीं दूसरी ओर भगवान और भक्त की अटूट प्रेम को भी दर्शाता है। होली से एक दिन पहले होलिका दहन होता है, जिसमें ग्रामीणों द्वारा निर्धारित स्थल पर अलाव एकत्रित किया जाता है। होलिका के बीच में एक लंबे बांस को गाड़ दिया जाता है। होलिका दहन प्रारंभ होता है तब अलाव के जलने के साथ बांस किसी ने किसी दिशा में गिर जाता है। बांस जिस दिशा में गिरता है उसके आधार पर इलाके की खुशहाली का निर्धारण लोग करते हैं। यदि बांस भंडार कोना की ओर गिरता है तो माना जाता है कि क्षेत्र में धन-धान्य की कोई कमी पूरे वर्ष नहीं रहेगी। होलिका के लिए अलाव जमा करने की जिम्मेदारी गांव में बच्चे उठाते हैं। इसके लिए सरस्वती पूजा के बाद से ही बच्चे कार्य में जुट जाते हैं। घर-घर जाकर ऐ जजमानी तोहर सोने के किबाड़ दूगो गोएठा द जैसे गीत गाते हुए बच्चे अलाव की मांग करते हैं। बच्चों की फरियाद पर ग्रामीण खुशी खुशी उन्हें गोइठा एवं अन्य अलाव उपलब्ध करा देते हैं। होलिका की ऊंचाई गांव की आन-बान ऊंचे से ऊंचे होलिका जमा करने की कोशिश में बच्चे काफी पहले से जुट जाते हैं। दरअसल होलिका की ऊंचाई गांव के आन बान का प्रतीक माना जाता है। जिस गांव की होलिका जितनी ही ऊंची होती है उसे उतना ही समृद्ध माना जाता है। यही कारण है कि बच्चे इसमें कोई कोर कसर नहीं छोड़ते लेकिन तेजी से बदलते सामाजिक परिवेश में कई स्थानों पर हर इसे महज खानापूर्ति ही की जाती है। तेजी से ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालकों की संख्या भी कम हो रही है जिससे गोएठे जैसे अलाव का इंतजाम मुश्किल से होता है।लेकिन इन सभी समस्याओं के बावजूद भी इसके महत्व और मान्यता में कोई कमी नहीं आ रही है



## होलिका दहन आज जगह जगह सजी होली, लोगों ने की खरीदारी

होलिका दहन आज किया जाएगा। इससे पहले लोगों ने जमकर खरीदारी की। इसके अलावा रंग गुलाल आदि की दुकानों पर देखते ही देखते रंग गुलाल की बिक्री हो गई और कई दुकानों पर रंग गुलाल तक नहीं मिल पाया। इसके अलावा लोगों ने होली को लेकर गन्ने व गेहूं की बालियों की खरीद की। एक गन्ना 15 रुपये प्रति के हिसाब से बिका। आज होलिका दहन होगा, लेकिन इससे एक दिन पहले गुरुवार को लोगों ने होली की तैयारियों को लेकर जमकर खरीददारी की। बाजारों में पैर रखने तक को जगह नहीं थी। परचून की दुकानों पर जमकर भीड़ दिखाई दी। इसके अलावा एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं देने के लिए लोगों ने बाजार से मिष्ठान व गुझिया आदि खरीदी और लोगों को वितरित की। इसके साथ ही पिचकारी आदि खरीदने के लिए लोगों ने दुकानों की ओर दौड़ लगाई।बच्चों ने छोटी पिचकारियां खरीदी। बड़ों ने अपने लिए आर्टिफिशियल सिर के बाल आदि खरीदे। इसके साथ ही मावा व दूध



खरीदने के लिए लोग इधर-उधर भागते हुए दिखाई दिए क्योंकि सबसे अधिक किल्लत मावा व दूध की रही। वहीं होली के लिए हुड़दंग होने मंदिरा आदि भी खरीदी।

### दहन के लिए चौराहों पर सज गई होली

बिलारी। बिलारी के प्रमुख चौराहों पर होलिका दहन के लिए होली को सजाया गया। आसपास रंग-बिरंगे कलर के चूने व गुलाल से होली को सजाया गया। वहीं होली के हुड़दंगियों ने होली को और बड़ा करने के लिए जगह-जगह से लकड़ियां काटकर होली को बड़ा किया। इसके साथ ही शाम होने के बाद लोगों ने होलिका की पूजा की।

### डीजे की रही मारामारी

बिलारी। होली पर डीजे आदि की मारामारी रही। डीजे संचालकों ने महंगे दामों पर डीजे उपलब्ध कराएं। बिलारी में लोग डीजे लगवाने के लिए डीजे संचालकों के पास चक्कर काटते नजर आए। मगर महंगे दामों की वजह से हाथ भी खड़े कर लिए। इसके साथ ही डीजे न मिलने के कारण लोगों को घरों में ही म्यूजिक सिस्टम का सहारा लेना पड़ा।

### बुलडोजर लगी टोपी रही आकर्षण का केंद्र

बिलारी। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने पर बुलडोजर का क्रेज अधिक देखने को मिला। इस बीच बुलडोजर लगी टोपी भी आकर्षण का केंद्र रही। लोगों ने जमकर इस प्रकार की टोपियों को खरीदा। वहीं केसरिया गुलाल की बिक्री भी अधिक देखी गई। बाजार में केसरिया गुलाल नहीं मिला। जिसकी वजह से लोग परेशान रहे। गुलाल खरीदने के लिए लोग दुकानों पर डटे रहे। इसके अलावा कई तरह की पिचकारी भी लोगों ने खरीदी।

## मुरादाबाद में ट्रक ने बाइक सवार दंपति को रौंदा, महिला की मौत, पति गंभीर

मुरादाबाद-मैनाठेर थाना क्षेत्र में गुरुवार दोपहर ट्रक ने बाइक सवार दंपति को रौंद दिया। हादसे में महिला की मौत हो गई जबकि पति गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद से परिवार में कोहराम मचा है। थाना मैनाठेर के गांव असालतनगर बगा निवासी शाहिद हस्तशिल्प का काम करता है। बीते करीब एक साल से शाहिद परिवार के साथ मझोला के गागन वाली मैनाठेर में रह रहा था। बताया गया कि गुरुवार दोपहर शाहिद अपनी पत्नी भूरी( 40 ) को साथ लेकर बाइक से घर जा रहा था। रास्ते में संभल रोड पर गांव जटपुरा के पास पहुंचा तभी पीछे से आ रहे ट्रक ने ओवरटेकिंग के चक्कर में बाइक को रौंद दिया। हादसे में भूरी ट्रक के पहिये के नीचे आकर कुचल गई। जबकि पति गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से आनन-फानन में दोनों को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां देखते ही डॉक्टरों ने भूरी को मृत घोषित कर शव मोर्चरी में रखवा दिया। रिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

क्यूँ न लिखूँ सच
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।
संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
Title Code : UPBIL05086
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

# बालिका को बहला-फुसलाकर भगाया

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-थाना क्षेत्र मल्हीपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत फतेहपुर बन गई मजरा बांस घढी के निवासी मंटू उर्फ शकील पुत्र मुन्ना ने थाना मल्हीपुर में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि मेरी लड़की को गांव के राजेश कुमार मौर्य पुत्र केशव राम मौर्य बहला-फुसलाकर भगा ले गए। प्रातः काल लगभग 4-00 बजे शौच के लिए घर से बाहर गई थी और वापस नहीं आई तो काफी खोजबीन किया गया न मिलने पर पता चला कि राजेश कुमार भी अपने घर पर नहीं है और शंका हुई कि राजेश द्वारा मेरे लड़की को बहला-फुसलाकर कहीं भगा ले गया है इस संबंध में मंटू ने थाना मल्हीपुर में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग किया है । इस संबंध में थाना मल्हीपुर के प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह से जानकारी लेने पर बताया गया कि मामला दर्ज करके जांच किया जा रहा है

# दर्द से कराहते कराहते उसकी जान निकल गई

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा -एटा। आगरा के जलकल संस्थान से निधौलीकलां थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति एटा डिपो की अनुबंधित बस में बुधवार सुबह बैठा। टूंडला पहुंचने पर उसके सीने में दर्द उठा। एटा पहुंचने से पहले दर्द से कराहते कराहते उसकी जान निकल गई। जबकि चालक बस को दौड़ाता रहा, न तो यात्री को बस में कोई चिकित्सकीय सहायता मिल सकी और न ही 60 किमी के सफर में चालक-परिचालक को कोई अस्पताल, क्लीनिक ही दिखा, जहां उसका इलाज कराया जा सकता। एटा पहुंचकर पुलिस को मौत की जानकारी देकर जिम्मेदारी पूरी कर ली गई। गांव खंगारपुर निवासी नरेंद्र ने बताया कि वह और उसका भाई बंशीधर उर्फ सूबेदार जयपुर में सिलाई की फैक्ट्री में कार्य करते हैं। होली पर बंसीधर मंगलवार की शाम को फैक्ट्री से निकल आया। रोडवेज बस से आगरा तक आया। आगरा में जलकल संस्थान से एटा डिपो की अनुबंधित बस में एटा आने के लिए सुबह करीब 5.30 बजे बैठ गया। उसके पास फिरोजाबाद जनपद के गांव वाहनपुर निवासी अखिलेश बसुंधरा तक आने के लिए बैठा था। बंसीधर ने टूंडला पर अखिलेश को बताया कि सीने में दर्द हो रहा है। इसके बाद अवागढ़-बसुंधरा के बीच उसे पसीना आ गया और सीने में तेज दर्द हुआ। परेशानी ज्यादा हुई तो बंशीधर ने घर पर कॉल कर परिजन को जानकारी देने का अनुरोध किया। इसी दौरान वह सीट पर लेट गया और बेहोश हो गया। चालक-परिचालक ने एटा से पहले कोई क्लीनिक-अस्पताल देखने की जहमत नहीं की। इलाज के अभाव में बंशीधर की मौत हो गई

# आश्वासन पर माने पालिका कर्मी, खत्म किया अनशन

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा -नगर पालिका परिषद के कर्मचारियों को छह माह से वेतन नहीं मिलने की वजह से वह रविवार से क्रमिक अनशन और प्रदर्शन कर रहे थे। मंगलवार को तीसरे दिन वेतन दिए जाने के आश्वासन पर कर्मियों ने अनशन खत्म कर दिया और काम पर लौट आए।

नगर पालिका परिषद के कर्मचारियों को छह माह से वेतन नहीं मिला है। जिसकी वजह से उन्होंने रविवार से कचहरी रोड स्थित जलकल कार्यालय में धरना-प्रदर्शन और क्रमिक अनशन शुरू कर दिया था। मंगलवार को तीसरे दिन भी कर्मचारियों का अनशन जारी रहा। दोपहर करीब एक बजे नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी डॉ. दीप वार्ष्णेय मौके पर पहुंचे। उन्होंने कर्मियों को आश्वासन दिया कि उनका दो माह का वेतन होली के बाद दे दिया जाएगा। सोमवार को एक माह का वेतन आपके खाते में भेज दिया गया है। इसके बाद सभी कर्मचारी क्रमिक अनशन समाप्त कर काम पर लौट आए।

### नकल विहीन बोर्ड परीक्षाएं सम्पन्न कराने के निर्देश

# समस्त परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में संपन्न होगी

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




एटा -कासगंज-नकल विहीन बोर्ड परीक्षाएं सम्पन्न कराने के निर्देश समस्त परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में संपन्न होगी हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट की परीक्षाएं 24 मार्च से 12 अप्रैल के बीच संपन्न होने वाली हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट परीक्षाओं की तैयारी की समीक्षा करते हुए कलैक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कहा कि परीक्षाओं को शांति पूर्ण, नकलविहीन और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए अभी से सभी व्यवस्थाऐ पूर्ण कर ली जाएं, सीसीटीवी कैमरे सक्रिय ता के साथ कार्य रत हो, क्योंकि उनकी रिकार्डिंग सुरक्षित रखी जायगी, कन्ट्रोल रुम से सभी परीक्षा केन्द्रों पर नज़र रखी जायगी

अत. कैमरे यदि खराब है तो तत्काल ठीक करा लिए जाऐं, सभी परीक्षार्थियों की तलाशी गेट पर ही ली जायगी, छात्राओं की चैकिंग के लिए महिला आरक्षी तैनात रहैगी! सभी परीक्षाएं निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रथम पाली 08 बजे से और द्वितीय पारी दोपहर 02 बजे से शुरू होगी सभी परीक्षा केन्द्रों पर फर्नीचर, पेयजल, शौचालय, विद्युत, साफ सफाई आदि की पूर्ण व्यवस्थाऐ सुनिश्चित की जाऐ, परीक्षा केन्द्रों पर स्वास्थ्य विभाग की टीम भी तैनात रहेगी समस्त परीक्षा केन्द्रों पर 69 स्टैटिक मजिस्ट्रेट तथा 08 सैक्टर मजिस्ट्रेट भी तैनात रहैगे!

# नवनिर्वाचित सदर विधायक ने किया होली मिलन समारोह

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-नवनिर्वाचित सदर विधायक ने किया होली मिलन समारोह शहर के ठंडी सड़क पर ग्रीन गार्डन मे मनाया गया होली मिलन समारोह, एटा सदर विधानसभा से विपिन वर्मा डेविड के पुनः विधायक बनने के हर वर्ष की तरह मनाया गया होली मिलन समारोह, विधायक विपिन वर्मा डेबिट को कार्यकर्ता व पदाधिकारिओं ने फूल माला पहनाने के बाद अवीर-गुलाल लगाकर दी होली की शुभकामनाएं होली मिलन समारोह में भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप जैन समेत अन्य पार्टी पदाधिकारी रहे मौजुद होली मिलन समारोह के मंच पर लोकनृत्य का हुआ आयोजन होली मिलन समारोह मे कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ो पर जमकर किया डांस होली मिलन समारोह में भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप जैन, सदर विधायक विपिन वर्मा डेविड, नगर अध्यक्ष नलिन गुप्ता, ब्रजेश गुप्ता, प्रदीप गुप्ता भामाशाह, सचिन उपाध्याय, पंकज गुप्ता, वीरेंद्र वार्ष्णेय, डीसीबी अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, सुशील गुप्ता, पंकज चैहान, प्रदीप महाजन, विक्रांत माधौरीया, युवराज सिंह, सुनील शर्मा सभासद, शांतनु चौहान सभासद, अग्रिम जैन के साथ पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता रहे मौजूद रहे।




### जाम को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष इकौना का धरना प्रदर्शन

# स्कूली बस व एंबुलेंस फंस जाने से कपड़ा व्यवसाई सहित अन्य व्यापारियों ने सड़कों पर किया धरना प्रदर्शन

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती- इकौना नगर पंचायत कार्यालय के सामने सड़कों पर सब्जी आढ़तियों ने दुकान लगाकर अवैध रूप से सडको पर जाम लगाने से स्कूली बस व एंबुलेंस फंस जाने से कपड़ा व्यवसाई सहित अन्य व्यापारियों ने सड़कों पर धरना प्रदर्शन करने बैठ गए । एसडीएम एवं प्रभारी निरीक्षक के आने पर मामले को समझा-बुझाकर जाम खुलवाया गया । प्रदर्शनकारी कपडा व्यवसाई संजीव नैयर की पुत्री बलरामपुर सेंट जीवियर्स मे बोर्ड परीक्षा देने वाहन से बलरामपुर जा रही थी । कस्बा की सब्जी मंडी के सामने सड़क पर सब्जी आढती दुकान फैला कर आने जाने वाहनो का जाम लग जाने से बस व एंबुलेंस एक घंटा तक फंसी रहने के चलते बोर्ड परीक्षा में देर से पहुंची । इसके चलते कपड़ा व्यवसाई क्रोधित हो गए । जिससे उन्होंने नगर पंचायत अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता व कपड़ा व्यवसाई संजीव नैयर ने प्रशासन के विरोध में सड़क पर जाम लगाकर धरना पर बैठ गए । धरने पर बैठते ही अन्य व्यापारी भी धरने में आ गए । घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम आर पी चौधरी, प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी मय पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर कपड़ा व्यवसाई एवं नगर पंचायत अध्यक्ष से समस्याओं की जानकारी लेते हुए उनकी समस्याओं का निराकरण करते हुए पूरे नगर मे कस्बे के सभी सड़कों पर अतिक्रमण साइकिल वाहन आदि को हटवाने का 15 मिनट के अंदर आश्वासन देकर धरना समाप्त करवाया गया । एस डी एम आर पी चौधरी व प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी मय पुलिस फोर्स के साथ कस्बा इकौना का भ्रमण करते हुए सभी दुकानदारों को अपनी-अपनी दुकानों को नाली के अंदर रखने का निर्देशित किया गया । ठेला व्यवसायियों को अस्थाई रूप से नगर पालिका कांप्लेक्स के पीछे खाली पड़े मैदान में ठेला लगाकर अपने सामानों की बिक्री के लिए निर्देशित किया गया । इस संबंध में उप जिला अधिकारी एवं प्रभारी निरीक्षक ने होली त्यौहार बीतने के बाद व्यापार मंडल की सामूहिक बैठक कराकर कस्बे में जाम की स्थिति समाप्त करने के लिए ठेला व्यवसायियों को अस्थाई तौर पर लगाए जाने का निर्णय लिए जाने का आश्वासन दिया गया । कपड़ा व्यवसाई नय्यर ने सड़कों पर सब्जी आढ़तियों को सब्जी दुकान हटाने व पिकअप ट्रक सड़कों पर खड़ा कर इधर-उधर घुमाने फिराने पर नो एंट्री का पालन करने मांग किया है ।

# अवैध आरा मशीनो पर छापामारी

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- इकौना प्रभागीय वनाधिकारी ए पी यादव के कुशल निर्देशन में जनपद में चलाए जा रहे अवैध आरा मशीन की चेकिंग के दौरान ग्राम सेमगढा थाना इकौना में अवैध रूप से चलाई जा रही आरा मशीन को श्रावस्ती रेंज व भिन्गा रेंज के अधिकारियों के साथ छापेमारी मे एक अवैध आरा मशीन को उखाडकर कब्जे मे लिया गया । बन बिभाग की टीम ने आरा मशीन के समस्त उपकरण को अपने कब्जे में लेकर भिन्गा रेंज मे दाखिल किया गया है । आरा मशीन संचालक के विरुद्ध थाना इकौना में फॉरेस्ट एक्ट सहित अन्य धाराओं की अवहेलना करने संबंधी विभिन्न आदेशों की अवहेलना करने के अंतर्गत थाना इकौना, श्रावस्ती रेंज वन दरोगा की ओर से मुकदमा पंजीकृत करने की तहरीर दी गई है । श्रावस्ती रेंज वन दरोगा जगदीश प्रसाद कुरील ने प्रभागीय वनाधिकारी ए पी यादव श्रावस्ती के कुशल निर्देशन में थाना इकौना ग्राम सेमगढा मे श्रावस्ती रेंज व भिनगा रेंज के अधिकारियों व स्टाफ के साथ अवैध रूप से चलायी जा रही आरा मशीन मालिक हवलदार पांडे पुत्र ननकू पांडे निवासी इकोना थाना इकौना जनपद श्रावस्ती की

अवैध आरा मशीन संचालित करते पाई गई । मौके पर मशीन को उखाड़ कर अपनी अभिरक्षा में वन कर्मियों द्वारा लिया गया । वन दरोगा ने अपनी तहरीर में कहा है कि बरामद अवैध आरा मशीन से संबंधित बरामद सामग्री को सुरक्षा के दृष्टिकोण से भिन्गा रेंज ले जाया गया है । अभियुक्त द्वारा किया गया अपराध उत्तर प्रदेश स्थापना 1978की धारा -3.एवं भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 77 के अंतर्गत सहित अन्य धाराओं की अवहेलना की गई है । वन दरोगा जगदीश प्रसाद कुरील की तहरीर पर प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी ने वन अधिनियम की धाराओं मे मुकदमा पंजीकृत के लिए तहरीर दी गई है । छापेमारी में भिन्गा रेंज वन क्षेत्राधिकारी राकेश कुमार तिवारी, क्षेत्राधिकारी अमित प्रताप सिंह, क्षेत्राधिकारी कल्पेश्वर नाथ ,उप बनाधिकारी रुद्र प्रताप ,बलराम कुमार गौड़, श्रावस्ती वन क्षेत्राधिकारी योगेंद्र यादव, उप वन क्षेत्राधिकारी अमरेश चौधरी ,वनरक्षक शैलेंद्र कुमार सिंह ,विजय प्रताप वर्मा, वन दरोगा संजय ओझा ,विकास बर्मा ,आदि वन विभाग के कर्मी मौजूद रहे ।

# झगड़े की सूचना पर पहुंची पुलिस पर पथराव, तीन आरक्षी जख्मी

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा -जैथरा कस्बे में हुए इस झगड़े में पुलिस टीम को भी निशाना बनाया गया। पथराव में तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। जैथरा कस्बे में बृहस्पतिवार रात एक युवक पड़ोस के घर में घुस गया। इस पर दोनों पक्षों में विवाद हो गया। लाठी-डंडे चलने लगे। फायरिंग भी हो गई। सूचना पर पुलिस पहुंची तो पथराव कर दिया गया। इसमें जैथरा थाने के आरक्षी सौरभ, गोपाल और विवेक जख्मी हो गए। बाद में और पुलिस फोर्स मौके पर भेजा गया। दोनों पक्षों से कई लोगों को रात में पुलिस ने उठाया है। मोहल्ला शास्त्री नगर में पुलिस पर पथराव के मामले में दो पक्ष के 13 नामजद व 22 अज्ञात लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। इसमें पथराव के अलावा जान से मारने की नीयत से फायरिंग करने का आरोप भी लगाया है। इनमें से पुलिस ने सत्यपाल, छोटे उर्फ जगतपाल, अनुराग उर्फ अन्नू, विमल कुमार, दिनेश चन्द्र, सुम्मेर सिंह को गिरफ्तार कर लिया है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## योगी कैबिनेट में OBC और महिला कार्ड पर होगा फोकस, इन नेताओं की है चर्चा

उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ होली के बाद किसी भी दिन अपने दूसरे कार्यकाल के लिए शपथ ले सकते हैं। भाजपा के सूत्रों का कहना है कि पीएम नरेंद्र मोदी की उपलब्धता के आधार पर टाइमिंग का फैसला लिया जाएगा। फिलहाल मंत्रियों की लिस्ट पर मंथन चल रहा है। योगी की नई कैबिनेट में थोड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है और कई पुराने चेहरों की जगह पर नए लोगों को मौका दिया जा सकता है। इसके अलावा परसेप्शन के लेवल पर भी भाजपा बड़ी तैयारी कर रही है और उसी के अनुरूप कैबिनेट भी बनाई जाएगी। इस नई कैबिनेट में क्षेत्रीय, जातीय संतुलन साधने के साथ ही महिला कार्ड भी चला जा सकता है। तक कुछ भी औपचारिक तौर पर कहा नहीं गया है, लेकिन बेबी रानी मौर्य, अंजुला माहौर, और प्रतिभा शुक्ला का मंत्री बनना तय माना जा रहा है। इसके अलावा रायबरेली सदर से विधायक अदिति सिंह के नाम की भी चर्चाएं चल रही हैं। वह चुनाव से कुछ वक्त पहले ही कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुई थीं।

# एमएलसी चुनाव : दूसरे दिन भी नहीं हुआ कोई नामांकन

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-एमएलसी चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया बुधवार को दूसरे दिन चली। हालांकि पहले दिन के बाद दूसरे दिन भी कोई नामांकन नहीं किया गया। निर्दलीयों के अलावा केवल सपा प्रत्याशियों की ओर से ही नामांकन पत्र लिए गए हैं। बुधवार को तीन लोगों के नाम से नामांकन पत्र लिए गए। मथुरा-मैनपुरी-एटा और कासगंज स्थानीय प्राधिकार चुनाव क्षेत्र की एमएलसी सीट पर दो सदस्यों का चुनाव किया जाना है। इसके लिए मंगलवार से नामांकन प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है। कलक्ट्रेट में नामांकन स्थल बनाया गया है। बुधवार को यहां से सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी ( सुभाष पार्टी ) के अनुज कुमार सहित निर्दलीय संजीव कुमार और रवीश कुमार के लिए नामांकन पत्र लिए गए। इनमें से संजीव कुमार और अनुज कुमार एटा के और रवीश कुमार मैनपुरी जनपद के रहने वाले हैं। सहायक रिटर्निंग अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि चुनाव आयोग से तय कार्यक्रम के मुताबिक नामांकन प्रक्रिया 19 मार्च तक चलेगी। जबकि 21 मार्च को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। नाम वापसी के लिए 23 मार्च की तिथि निर्धारित है। 9 अप्रैल को मतदान और 12 अप्रैल को मतगणना कराई जाएगी।

क्यूँ न लिखूँ सच बिना किसी सिक्यूरिटी के डेली अखबार आवश्यकता है
सभी जिले में ब्यूरो,स्थानीय रिपोर्टर,विज्ञापन प्रतिनिधि की
क्यूँ न लिखूं सच 9027776991
KNLS LIVE न्यूज चैनल और दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच ज्वाइन कीजिये